भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 999
उत्तर देने की तारीख : 27.06.2019

पीएमजेवीके से संबंधित ब्यौरा

999. श्री जी॰एम॰ सिद्देश्वराः

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की देखरेख करने वाले कार्यालयों का ब्यौरा क्या है और पीएमजेवीके के अंतर्गत जिला–वार कौन–सी योजनाओं की घोषणा की गई है;

(ख) पीएमजेवीके के अंतर्गत कार्य करने वाले अधिकारी तथा उनकी नियुक्ति के मानदंडों और उन्हें मिलने वाली परिलब्धियों का राज्य–वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) पीएमजेवीके के अंतर्गत निर्मित विद्यालयों/महाविद्यालयों, स्वास्थ्य केन्द्रों, छात्रावासों, पेयजल सुविधाओं, पॉलिटेक्निक, आईटीआई, कलाकार–किसानों के लिए मार्केट शेड, सद्भाव मंडप, रोजगार उन्मुख कौशल विकास केन्द्र, हुनर केन्द्रों का ब्यौरा क्या है और इनमें से प्रत्येक की निर्माण लागत, निर्माण की तिथि और पंजीकरण की तिथि का राज्य–वार ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री मुख्तार अब्बास नकवी)

(क) और (ख): प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) केन्द्रीय प्रायोजित योजना है जो देश के 1300 अभिज्ञात अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जाती है। प्रस्ताव मंत्रालय द्वारा स्वीकृत किए जाते हैं और मौजूदा राज्य मशीनरी, जिसमें जनशक्ति भी शामिल है, के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा कार्यान्वित किए जाते हैं।

(ग) मंत्रालय ने योजना के अधीन 2014–19 की अवधि के दौरान बहुत सी परियोजनाएं स्वीकृत की हैं जिनमें 25 डिग्री कॉलेज, 1152 स्कूल भवन, 20228 अतिरिक्त कक्षा–कमरें, 506 छात्रावास, 71 आईटीआई, 5 पॉलिटेक्निक, 411 सद्भाव मण्डप, 92 आवासीय स्कूल, 530 मॉर्किट शेड, 5090 आंगनवाड़ी केंद्र, 821 स्वास्थ्य परियोजनाएं, 2285 जन आपूर्ति परियोजनाएं, 11676 पक्के घर आदि शामिल हैं। परियोजनाओं का राज्य–वार विवरण मंत्रालय की वेबसाइट http://www.minorityaffairs.gov.in पर उपलब्ध है।

******